सीएसआईआर-सीरी में फिट इंडिया फ्रीडम रन 5.0 का आयोजन

धन्वंतरि जयंती पर एक पेड़ मॉ के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण

सीएसआईआर-सीरी, पिलानी में फिट इंडिया फ्रीडम रन 5.0 की शृंखला में आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक 29 अक्टूबर, 2024 (धन्वंतरि जयंती एवं राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस) को डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी के नेतृत्व में संस्थान के वरिष्ठ अधिकारियों, वैज्ञानिकों एवं अन्य सहकर्मियों ने संस्थान परिसर में जॉगिग एवं पैदल मार्च किया। डॉ पंचारिया ने प्रत्येक कर्मचारी एवं उनके परिजनों को अपने स्वास्थ्य के लिए कुछ समय निकालने के लिए प्रेरित किया।

फिट इंडिया फ्रीडम रन 5.0 के दौरान
डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी एवं सहकर्मीवृंद

इससे पूर्व विगत 25 अक्टूबर, 2024 को कॉलोनी परिसर में स्थित वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीरी विद्या मंदिर के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने फिट इंडिया फ्रीडम रन 5.0 के दौरान प्लॉग रन करते हुए विद्यालय एवं कॉलोनी परिसर की स्वच्छता में योगदान दिया। विद्यालय के शिक्षकों ने बच्चों को स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के महत्व की जानकारी दी और अपने वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षकों के नेतृत्व में 145 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत संस्थान परिसर में
पौधारोपण करते हुए डॉ पी सी पंचारिया एवं अन्य अधिकारीगण

धन्वंतरि जयंती एवं 9वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर पर्यावरण की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए डॉ पी सी पंचारिया के नेतृत्व में संस्थान के वैज्ञानिकों, वरिष्ठ अधिकारियों एवं अन्य कार्मिकों ने संस्थान परिसर में 51 पौधे लगाए। इसके अंतर्गत परिसर में ट्रिमेरिया, कदम्ब, मधुकामिनी आदि पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण के लिए संस्थान कार्मिकों ने अपने दायित्व का निर्वहन किया। डॉ पंचारिया ने सहकर्मियों को इन पौधों की व्यक्तिगत रूप से देखभाल के लिए भी आग्रह किया।

कार्यक्रम के कुछ अन्य चित्र